ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहाँपुर।
प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 13.08.2021

''वीर शहीदों को नमन''

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 13.08.2021 को नगर निगम द्वारा आयोजित नगर क्षेत्र के रामनगर कॉलोनी में गुरुद्वारा के पास स्वतंत्रता के सम्बंध में ''बुजुर्ग की बात देश के साथ'' के तहत स्थानीय नागरिकों, प्रबुद्व व बुजुर्गो के साथ की गई गोष्ठी।

- कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर आज दिनांक 13.08.2021 को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराया गया सेनेटाइजेशन का कार्य।

1. आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 13.08.2021 को नगर निगम द्वारा आयोजित नगर क्षेत्र के रामनगर कॉलोनी में गुरुद्वारा के पास स्वतंत्रता के सम्बंध में ''बुजुर्ग की बात देश के साथ'' के तहत स्थानीय नागरिकों प्रबुद्व व बुजुर्गो के साथ की गई गोष्ठी। गोष्ठी में स्थानीय नागरिकों, प्रबुद्व व बुजुर्गो एवं नगर के सम्भान्त नागरिकों द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया। गोष्ठी में नगर आयुक्त महोदय द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा देश की आजादी में जनपद शाहजहाँपुर से महत्वपूर्ण योगदान देने वाले वीर शहीद को नमन किया गया व देश की आजादी के लिये स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई लड़ते–लड़ते शहीद हुये वीरों के इतिहास के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। साथ ही नगर आयुक्त महोदय द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत कूड़ा प्रबन्धन के बारें में लोगों को जागरुक किया गया व वरिष्ठ नागरिकों की समस्या के समाधान के लिये व उनके अनुभवों का लाभ उठाये जाने के लिये वरिष्ठ नागरिकों के समूह के गठन करने के लिये भी कहा गया। साथ ही नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर को साफ एवं स्वच्छ बनाये रखने हेतु विचार गोष्ठी में उपस्थित सभी सम्भ्रान्त नागरिकों से अपील की गई। गोष्ठी के सफल आयोजन हेतु उपस्थित सभी स्थानीय नागरिकों, प्रबुद्व व बुजुर्गो का आभार व्यक्त किया गया व रामनगर में स्वच्छता देख सभी क्षेत्रवासियों की प्रशंसा की गई। गोष्ठी में उपस्थित अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह द्वारा अपने सम्बोधन में आजादी की लड़ाई में योगदान देने वाले वीर शहीदों को नमन किया गया व स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वीर शहीदों ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खॉ, पं0 रामप्रसाद बिस्मिल द्वारा दिये गये बलिदान के बारे में बताया गया। साथ ही अपर नगर आयुक्त द्वारा वीर शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की गई। गोष्ठी में सम्भान्त नागरिकगण विकास खुराना, विजय कुमार, कृष्ण गोपाल बिन्नु द्वारा देश की आजादी के संघर्ष में शहीदों की नगरी जनपद शाहजहाँपुर से शहीद हुये वीरों पं0 रामप्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खॉ के जीवन पर प्रकाश डाला गया। गोष्ठी में अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती एवं ब्लाक प्रमुख क्षमा वर्मा व गणमान्य नागरिकगण योगराज, लाजपत राय ब्त्रा, प्रेम गुलाटी, विशु तनेजा, मोनु तनेजा, बिट्टू, मोहन ग्रोवर आदि सम्भान्त लोग उपस्थित रहें।

2. कोविड–19 महामारी के संक्रमण को ध्यान में रखते हुये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के संक्रमण को नगर में जड़ से मिटाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा नगर में नियमित रुप से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियों में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया किया है। जिसके क्रम में आज दिनांक 13.08.2021 को जोन–1 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार द्वारा कचहरी, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, ऑफीसर्स कालोनी, निरीक्षण भवन, दुर्घटना न्यायालय, एमनजई जलालनगर में वृहद स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–2 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा ककरा कलां में सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया। जोन–3 के अन्तर्गत– सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल द्वारा खलीलशर्की, चौभुर्जी, हुण्डालखेल, खलीलगर्वी, अम्बा टॉकीज रोड एवं आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–04 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा रंगमहला, मस्जिदगंज, बक्सरियां, जिला अस्पताल, अजीजगंज रैन बसेरा, मोक्षधाम, गॉधी पार्क एवं अन्य क्षेत्रो में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–5 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा आदर्शनगर कॉलोनी, चर्च कॉलोनी, कोतवाली रोजा, अहमदपुर निवाजपुर, हाण्डा कॉलोनी में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलो, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेशन का कार्य किया गया। इस अभियान के दौरान आज दिनांक 13.08.2021 को लगभग 3510 स्थलों तथा 700 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 05 मुख्य बाजारो जैसे– बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हॉस्पिटल, स्कूल, कॉलेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनुमतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले क्षेत्रों में सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर।